दिनांक : 08.06.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**संकेत धुन**

नमस्कार, समाचारों के साथ मैं ....धारणा सचदेव ...

**प्रधानमंत्री–प्रस्थान वक्तव्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। रूस के लिए रवाना होने से पहले, प्रधान मंत्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह यात्रा रूस और ऑस्ट्रिया के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने का एक शानदार अवसर होगा। इन देशों के साथ भारत की मित्रता समय की कसौटी पर खरी साबित हुई है। श्री मोदी ने कहा कि वह इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने को उत्सुक हैं।

रूस में प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जबकि 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवाचार, प्रौद्योगिकी और सतत विकास के नए और उभरते क्षेत्रों में भारत दोनों देशों के बीच साझेदारी को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उत्सुक हैं।

**मंत्रिमंडल विस्तार**

राजभवन में आज राज्य मंत्रिमंडल के संक्षिप्त विस्तार में राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने रामनिवास रावत को मंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई । अब राज्य मंत्री परिषद ने कुल 31 मंत्री हो गए हैं। श्री रावत चंबल क्षेत्र के ओबीसी के वरिष्ठ नेता हैं और विजयपुर सीट से छह बार विधायक चुने गए हैं। श्री रावत कुछ माह पहले ही कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए हैं। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल सहित कई अन्य मंत्री और अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम निवास रावत को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर नए दायित्व के लिए उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंत्रिमंडल में आज नए सदस्य का आगमन हुआ है। श्री रावत सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं, वे चंबल अंचल के श्योपुर जैसे विकास की संभावनाशील जिले को प्रभावी प्रतिनिधित्व प्रदान कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री के रूप में उनके अनुभव का लाभ पूरे मंत्रिमंडल और सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा।

**तीन नए कानून**

बुरहानपुर जिले में तीन नए आपराधिक कानून के प्रावधानों के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर भव्या मित्तल की उपस्थिति में राजस्व अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कलेक्टर ने कहा कि, अपराधों की जांच प्रक्रिया में तेजी लाने और पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने के उद्देश्य से 1 जुलाई, से तीन नवीन कानून लागू किये गये है। उन्होंने बताया कि, भारतीय दण्ड प्रक्रिया 1973 के स्थान पर दण्ड प्रक्रिया संबंधी विधिकों को समेकित और संशोधित करने के लिए संसद द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के रूप में एक नवीन कानून पारित किया गया है। प्रशिक्षण में नवीन कानूनों के तहत राजस्व अधिकारियों की भूमिका एवं समय–सीमा तथा कार्यवाही के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

**सुप्रीम कोर्ट –मासिक धर्म अवकाश**

सर्वोच्च न्यायलय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करे। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आज मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली जनहित याचिका पर महिला और बाल विकास मंत्रालय को एक नीति तैयार करने करने के लिए हितधारकों के साथ बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नीति से जुड़ा यह मुद्दा अदालतों के संज्ञान का मुद्दा नहीं है। महिलाओं को ऐसी छुट्टी देने पर अदालत का निर्णय प्रतिकूल और हानिकारक साबित हो सकता है क्योंकि नियोक्ता उन्हें काम पर रखने से बच सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि यह निर्देश राज्य सरकार को मासिक धर्म अवकाश की नीति पर स्वतंत्र निर्णय लेने में बाधा नहीं बनेगा।

**राहुल गांधी–मणिपुर**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज से मणिपुर दौरे पर हैं। इससे पहले वो आज असम के सिलचर हवाई अड्डे पर उतरे और फुलेरताल में एक राहत शिविर का दौरा किया जहां असम में बाढ़ से प्रभावित लोग रह रहे हैं। असम में करीब 23 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। श्री गांधी जिरीबाम जिले में कुछ राहत शिविरों का दौरा करेंगे और फिर सिलचर हवाई अड्डे जाएंगे और वहां से इंफाल के लिए उड़ान भरेंगे। इंफाल से वो आदिवासी बहुल जिले चूड़ाचांदपुर का दौरा करेंगे, जहां वे राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बातचीत करेंगे। पिछले साल मई में जातीय हिंसा भड़कने के बाद पूर्वोत्तर राज्य का यह उनका तीसरा दौरा है।

**अमरनाथ–पोनी एम्बुलेंस**

जम्मू और कश्मीर में, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय कश्मीर ने श्री अमरनाथ जी यात्रा 2024 के लिए एक 'पोनी एम्बुलेंस' सेवा शुरू की है । जो तीर्थयात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता प्रदान कर रही है। पोनी एम्बुलेंस, मेडिकल किट और ऑक्सीजन सिलेंडर से सुसज्जित एक घोड़े पर चढ़कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, बालटाल और पहलगाम पर तीर्थयात्रियों के साथ जाती है। प्रशिक्षित कर्मचारी पोनी एम्बुलेंस को संभालते हैं, जो यात्रा के दौरान यात्रियों के सामने आने वाली किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत समाधान देता है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- बुरहानपुर में जिला कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशों पर विभिन्न विभागों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण अभियान अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये सीड–बॉल ग्राम पंचायतों के माध्यम से बाउन्ड्रीवाल युक्त परिसर या फेंसिंगयुक्त स्थलों में डालने का कार्य जारी है।
- धार शहर में कल उड़ीसा के पुरी स्थित भगवान श्री जगन्नाथ जी की प्रसिद्ध रथ यात्रा के तर्ज पर लगातार तीसरे वर्ष भी धार के अखंड ज्योति मंदिर से भव्य रथ यात्रा निकाली गई। विभिन्न मार्गो से होते हुए रथ यात्रा श्री सांवरिया सेठ मंदिर पहुंची। जहां पर भगवान जगन्नाथ जी के विग्रह को स्थापित कर उनकी महाआरती की गई ।
- "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत डिंडोरी ज़िले में मैया अभियान के सदस्यो ने कल वृक्षारोपण किया और प्रकृति की सुंदरता का संदेश दिया ।

-----------------------------